तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर...


14 शिवकथा सिर्फ कथा नहीं, जीवन बदलने वाली शक्ति...


सरसकृष्ण क्लीनिक
श्रीराम कॉम्पलेक्स, मठ मंदिर चौक, धमतरी मो. 97134-40237
विगत 14 वर्षों से हड्डी एवं नस रोगों का सफल इलाज

(मंगलवार बंद)
हड्डी एवं नस रोग
कमर दर्द, घुटना दर्द
जोड़ों का दर्द
कंधा जाम होना
गर्दन दर्द का विशेष इलाज
कमर से पैर तक दर्द
झुनझुनी, सुन्नपन
साइटिका
गर्दन से हाथों तक दर्द
कंपनवात
लकवा
लकवाग्रस्त
बच्चा, हड्डी
एवं नस संबंधित
सभी रोग
डॉ. आर.एस. गुप्ता
B.H.M.S.
प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे गुरूवार
राठौड़ मेडिकल, गीली चौक, कांकेर
में उपस्थित रहेंगे
(समय प्रातः 11 से 4 बजे तक)

## खबर संक्षेप

### कृषि स्थायी समिति की बैठक अब 11 को

**कांकेर।** जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति की बैठक संशोधित तिथि अनुसार 11 दिसम्बर को प्रातः साढ़े 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक पूर्व में 3 दिसम्बर को आयोजित होना था, लेकिन उक्त तिथि को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक होने के कारण कृषि स्थायी समिति की बैठक में संशोधन किया गया है। बैठक में खरीफ क्षेत्राच्छादन वर्ष 2025-26 की अद्यतन प्रगति, विभागीय योजनाओं और अन्य विषयों चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारी - कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी 6 से

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति बनसागर द्वारा दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 6 एवं 7 दिसंबर को आयोजित होगी। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक, बालिका एवं युवा वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। खेल को और अधिक प्रतिस्पर्धी एवं आकर्षक बनाने के लिए अलग-अलग वर्गों में विशेष पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफियों की व्यवस्था की गई है।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल सिकसोड़ थाना के ग्राम मेटाबेदोली निवासी 18 वर्षीय संतलाल नरेटी के लिए 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में 4 दिसंबर को आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 04 दिसंबर को सुबह 10 बजे से नरहरदेव स्कूल कांकेर में किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य तथा व्यक्तिगत लोकनृत्य, तथा व्यक्तिगत लोकगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आयोजित प्रतियोगिता में खेल के साथ ही लाइफ स्किल कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला, तात्कालिक भाषण एवं कविता ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ग्रामीणों ने चंदे से खड़ी की उम्मीदों की झोपड़ी, बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल

सरकारी फाइलें जब धूल खाती रहीं और जर्जर स्कूल की जर्जर दीवारों को देख बच्चे डर रहे हो, तभी फित्तेफुलचुर के ग्रामीणों ने तय कर लिया कि अब बच्चों की पढ़ाई किसी सरकारी सुविधा का मोहताज नहीं रहेगी। शिक्षा को सबसे ऊपर रखते हुए गाँव ने खुद चंदा जुटाया, श्रमदान किया और बाँस-टीन से एक ऐसी झोपड़ी खड़ी कर दी, जो भले अस्थायी हो, लेकिन बच्चों के भविष्य की नींव को और मजबूत कर रही है। नए अध्ययन केंद्र को देखकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई देता है। दुर्गूकोंदल विकासखंड के ग्राम फित्तेफुलचुर में प्राथमिक स्कूल का पुराना भवन कई वर्षों से पूरी तरह जर्जर था। छत से बारिश में लगातार पानी टपकता था और दीवारें कभी भी गिरने की स्थिति में थीं। हालात इतने खराब हो गए कि बरसात के दिनों में बच्चों को स्कूल भेजना भी जोखिम भरा था। स्थानीय निवासी देवकुमार मंडावी और डोमन मंडावी बताते हैं कि पिछले पाँच वर्षों में भवन की हालत और बिगड़ती गई, लेकिन ग्राम पंचायत व शिक्षा विभाग से शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मजबूरी में छह महीनों तक ग्राम गायता के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जब सिस्टम सोया, गांव जागा, ग्रामीणों ने 65 घरों से जुटाया चंदा

### योजना बनी, तैयार हो गई झोपड़ी

गाँव के 65 घरों से 200-200 रुपये चंदा लिया जाएगा। स्कूल के दोनों शिक्षकों ने भी 2000-2000 रुपये का योगदान देकर इस प्रयास को नई ऊर्जा दी। इसके बाद ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान करते हुए लकड़ी, बाँस और टीन की मदद से एक मजबूत झोपड़ी का निर्माण किया, जिसमें बच्चों के बैठने, पढ़ने और सुरक्षित रहने की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई है।



### बच्चों का सीखने का नया केंद्र झोपड़ी

ग्राम पटेल जंगलू पुड़ो, राम पुड़ो और आनंद पुड़ो बताते हैं कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के प्रति गाँव की एकजुटता का जीवंत प्रमाण है। उनका कहना है कि जब तक शासन-प्रशासन पक्का स्कूल भवन उपलब्ध नहीं कराता, तब तक यह झोपड़ी ही बच्चों का सीखने का नया केंद्र रहेगी।

## बासनवाही केंद्र में 18 दिन में 853 में से सिर्फ 93 किसान बेच पाएं धान

# खरीदी लिमिट में कटौती से किसानों में बढ़ा रोष, खुले में पड़ा धान खराब होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

धान खरीदी सीजन के बीच बासनवाही क्षेत्र के किसान भारी संकट से जूझ रहे हैं। खरीदी लिमिट में अचानक की गई

■ रकबा गलत दर्ज, वारिसान प्रमाणपत्र में देरी और प्रतिदिन कम खरीदी से किसान परेशान

कटौती, केंद्रों की धीमी रफ्तार, गलत दर्ज रकबा और वारिसान प्रमाणपत्र की जटिल प्रक्रिया ने किसानों को ऐसे दौर में ला खड़ा किया है, जहाँ न उपज बिक रही है और न ही अधिकारियों की ओर से कोई ठोस समाधान मिल रहा है। खुले आसमान के नीचे उपज सड़ने के डर से किसान और भी बेचैन हो उठे हैं।

धान खरीदी लिमिट में कटौती और खरीदी केंद्रों की धीमी रफ्तार ने बासनवाही, मांडाभर्री और मुसुरपुट्टा क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष खरीदी की प्रक्रिया बेहद सुस्त है और प्रतिदिन खरीदी की जा रही मात्र 2000 बोरी की सीमा उनके लिए गंभीर समस्या बन गई है। किसानों की संख्या और पंजीकृत कुल रकबे को देखते हुए प्रतिदिन कम से कम 4000 बोरी खरीदी आवश्यक है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था के चलते अधिकांश किसानों की बारी तक नहीं आ पा रही। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, बल्कि खेतों और घरों में रखा धान खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है।

**18 दिन में सिर्फ 4963 क्विंटल खरीदीः** बासनवाही केंद्र में इस वर्ष कुल 853 किसान पंजीकृत हैं, जिनका रकबा 1176.293 हेक्टेयर है। यहां 61,700 क्विंटल ▶▶| शेष पेज 12 पर





### खरीदी केंद्रों में सुबह से शाम तक इंतजार

किसान बताते हैं कि वे सुबह से केंद्र पहुंचते हैं और शाम तक अपनी बारी का इंतजार करते रह जाते हैं। कई बार वजन करने की मशीन बंद कर दी जाती है या टोकन खत्म होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया जाता है। ऐसी स्थिति से परेशान किसान रोजाना समय, श्रम और किराए का खर्च उठाने को मजबूर हैं। यह सब उनकी पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति को और भी बड़ा झटका दे रहा है।

### रकबा गलत दर्ज होने से दोगुनी परेशानियां

धान खरीदी से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या रकबा कम दर्ज होना भी है। कई किसानों ने बताया कि उनके वास्तविक रकबे से बहुत कम क्षेत्र दर्ज किया गया, जिससे वे पात्रता के अनुसार धान नहीं बेच पा रहे हैं। जब वे समस्या लेकर पटवारी के पास जाते हैं तो उन्हें तहसील कार्यालय भेज दिया जाता है, जबकि तहसील से वापस पटवारी के पास लौटने की सलाह मिलती है। किसानों के शब्दों में स्थिति "इसके सिर, उसके टोपी" जैसी हो गई है। नतीजा—रकबा सुधर नहीं रहा और खरीदी रुक गई है।

### वारिसान प्रमाणपत्र में देरी एप न चलने का बहाना

क्षेत्र के जिन किसानों को वारिसान प्रमाणपत्र चाहिए, उनकी दिक्कत और भी ज्यादा है। किसान बताते हैं कि तहसील कार्यालय जाने पर उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि एप नहीं खुल रहा है। इससे प्रमाणपत्र जारी नहीं हो पा रहा और उनकी खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह अटक गई है।

### किसानों ने रखी अपनी मांगें

किसानों ने प्रशासन से तत्काल निम्न कदम उठाने की अपील की है,खरीदी लिमिट 2000 से बढ़ाकर 4000 बोरी प्रतिदिन की जाए, जिन किसानों का रकबा गलत दर्ज है, उसे तुरंत सुधारा जाए,वारिसान प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल और तेज की जाए, खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं में सुधार कर भीड़ और लंबी प्रतीक्षा समाप्त की जाए।

### जिम्मेदारों की चुप्पी, चिंता बढ़ा रही

किसानों का कहना है कि स्थिति बेहद गंभीर है, लेकिन अब तक धान खरीदी के जिम्मेदारों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या ठोस पहल नहीं हुई है। लगातार बढ़ते असंतोष के बीच किसान चेतावनी दे रहे हैं कि समस्या जल्द नहीं सुलझी तो उनकी मेहनत की फसल खुले में खराब हो जाएगी और यह आर्थिक नुकसान वर्षों का संतुलन बिगाड़ सकता है।

## बाइक की जोरदार टक्कर से युवक की मौत



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया, जहां तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी मोटर सायकल में बैठे युवक को पीछे से इतनी जबरदस्त टक्कर मारी गई कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उसने दम तोड़ दिया। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरहेली-दमकसा मार्ग पर यह हादसा उस समय हुआ जब बरहेली निवासी 40 वर्षीय भगत सलाम अपने साथी 23 वर्षीय अजय कुमार दुग्गा के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 बीएम 6676 से दमकसा की ओर जा रहे थे। घटना के कुछ ही देर पहले एक थ्रेशर मशीन मिलने पर भगत सलाम बाइक से उतरकर थ्रेशर वाहन में सवार हो गए, जबकि अजय कुमार दुग्गा मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान बरहेली की ओर से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल सीजी 19 बीके 8375 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलते हुए अजय कुमार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर और सीने पर गहरी चोटें आईं। घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दीपक बने भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय द्वारा भाजपा संगठन में विभिन्न दायित्वों पर नई नियुक्ति की गई है। भाजपा के जिला प्रवक्ता दीपक खटवानी को भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू को कांकेर जिले का संगठन प्रभारी व अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता को भानुप्रतापपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया है।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया को बस्तर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन को सुकमा, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा को कोंटा, छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत को सिहावा विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है।

## परिवारिक विवाद में महिला व बुजुर्ग घायल

**सरोना।** सरोना थाना क्षेत्र में थाने के संचालन के एक माह बाद पहला मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। लारगांव मरकाटोला की निवासी निलीमा दिवाकर द्वारा की गई शिकायत में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप लेते हुए बुजुर्ग ससुर और स्वयं शिकायतकर्ता को घायल कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता निलीमा दिवाकर पति कुशवाहा कांत ने सरोना पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करती हैं और 1 दिसंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने घर पर थीं। इसी दौरान बस्ती की ओर से शोर-शराबा सुनाई देने पर वह बाहर देखने निकलीं। बाहर आकर उन्होंने देखा कि उनका रिश्ते का देवर गंभीर दिवाकर उनके ससुर शिवलाल दिवाकर को एक सेट्रींग बल्ली को लेकर हुए विवाद में गली में जमीन पर पटककर उनका गला दबा रहा था। निलीमा द्वारा बीच-बचाव करने की कोशिश पर आरोपी ने उन्हें अश्लील गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी दी और बाल खींचकर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इस दौरान बुजुर्ग ससुर गंभीर रूप से घायल हुए। उनके पीठ, हाथ, पैर और गले में चोटें आईं, वहीं निलीमा दिवाकर को बाईं कोहनी, दाहिनी एड़ी और सिर पर चोटें व खरोंचें लगीं, जिनसे वह दर्द से कराह उठीं। घटना के समय शिकायतकर्ता ▶▶| शेष पेज 12 पर



■ सरोना थाना खुलने के एक माह बाद दर्ज हुआ पहला मामला

## बाइपास में उत्पात मचाने वाले दोनों युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बाइपास पर कुछ युवकों के द्वारा ट्रकों के चालक से अवैध वसूली करते हुए हुडदंगबाजी करने का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने वायरल वीडियों में हुडदंगबाजी करने वाले युवकों की पहचान किया और उनको धरदबोचा। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सोशल मीडियो में वायरल वीडियो के अनुसार घटना 27 नवंबर की है, जब बाईपास रोड स्थित मनकेशरी के पास दो युवक वाहनों को रोक-रोककर चालकों से दुर्व्यवहार कर रहे थे। टिकरापारा, कांकेर निवासी 33 वर्षीय रविन्द्र ठाकुर पिता स्व. भागीरथी ठाकुर और मनकेशरी निवासी 37 वर्षीय कमल कोर्राम पिता विरेन्द्र कोर्राम लगातार गाली-गलौज कर उत्पात मचा रहे थे। ट्रक के एक चालक ने युवकों के ▶▶| शेष पेज 12 पर



■ वायरल वीडियो के बाद कांकेर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# खनिज शाखा द्वारा सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट के मौखिक दबाव पर ग्राम पंचायतों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| काकेर

चारामा विकासखंड में भर्रीटोला पंचायत मचांदुर, भिलाई, माहुद, करिहा और भिरौद के सरपंच

■ पेसा अधिनियम और 2023 के रेत नियमों का हवाला देकर अनिवार्यता को बताया गलत

एकजुट होकर कलेक्टोरेट में ज्ञापन देने के दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि खनिज शाखा द्वारा नए गौण खनिज साधारण रेत नियम, 2025 के अंतर्गत सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट कराने के कथित मौखिक दबाव पर आपत्ति दर्ज कराते हुए स्पष्ट किया है कि वर्तमान में ऐसा कोई एग्रीमेंट करना अनिवार्य नहीं है और पंचायत इस प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहती।

सरपंचों का कहना है कि हम लोगो को पाँच साल के लिए छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम, 2023 के अंतर्गत विधिवत निष्पादित हो चुका है। पंचायत द्वारा जारी लिखित आपत्ति में कहा गया है कि नियम 62 के अनुसार सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट वैकल्पिक, अनिवार्य नहीं है। पंचायत ने उल्लेख किया कि 2025 के नियमों के अनुसार सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट केवल एक वैकल्पिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य अतिरिक्त एक वर्ष की अवधि प्राप्त करना है। इसे किसी भी स्थिति में अनिवार्य नहीं बताया गया है और न ही पट्टाधारी पर इसका कोई बाध्यकारी प्रभाव पड़ता है। सरपंचो ने बताया कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पूर्व नियमों के अंतर्गत जारी पट्टे अपनी संपूर्ण अवधि तक वैध माने जाएंगे और इस अवधि में किसी भी प्रकार का दबाव डालकर नया एग्रीमेंट कराना विधिसम्मत नहीं है। सरपंचों ने यह भी बताया कि खदान संचालन के लिए आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृति पहले ही भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा चुकी है और सभी कार्य ▶▶| शेष पेज 12 पर




### ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य

पंचायत ने पेसा अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में ग्रामसभा की अनुमति के बिना खनन, परियोजना, लाइसेंस, नीलामी जैसी कोई भी प्रक्रिया संचालित नहीं की जा सकती। ऐसे में सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट कराने का दबाव पेसा प्रावधानों के भी विपरीत है।

### पांच सरपंच की यह मांगे

सरपंच की प्रशासन से माँग है कि सरपंच पर बनाए जा रहे मौखिक दबाव को तत्काल समाप्त किया जाए। वर्तमान पट्टे की वैधता को यथावत स्वीकार किया जाए। ग्राम पंचायत जब तक स्वेच्छा से अतिरिक्त अवधि का लाभ नहीं लेती, तब तक सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट को अनिवार्य न माना जाए। पेसा अधिनियम के तहत ग्रामसभा की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की प्रक्रिया न की जाए।



हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कोंडागांव डाकघर में नई सुविधा शुरू : अब फ्लेक्स-बैनर-पैंफलेट का सस्ता और भरोसेमंद प्रचार

**कोण्डागांव।** भारत सरकार के डाक विभाग ने कोंडागाँव उप–डाकघर में दो नई योजनाएं शुरू की हैं। अब कोई भी सरकारी–गैर सरकारी संस्था, दुकानदार, व्यापारी या व्यक्ति अपने फ्लेक्स, बैनर, पैंफलेट, प्रचार सामग्री को डाकघर के माध्यम से बहुत कम दर में लोगों तक पहुँचा सकता है। मीडिया पोस्ट बड़े स्तर पर प्रचार–प्रसार बैनर, होडिंग्स, न्यूजपेपर इंसर्ट आदि डायरेक्ट पोस्ट सीधे घर–घर पैंफलेट, लिफाफा, कैटलॉग डिलीवरी लाइसेंसी व अनलाइसेंसी दोनों योजनाओं में दरें बाजार से बहुत कम हैं और डिलीवरी 100: गारंटीड होती है। सबसे भरोसेमंद नेटवर्क, पूरे जिले के गाँव–शहर तक पहुँच, सबसे सस्ती दरें, समय पर डिलीवरी की गारंटी अब आपको महंगे विज्ञापन एजेंसी के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। चाहे दुकान का उद्घाटन हो, स्कूल का एडमिशन, कोचिंग–क्लास, सरकारी योजना का प्रचार या कोई ऑफर सब कुछ डाकघर से सस्ते में हो जाएगा। कोंडागाँव मुख्य डाकघर में सीधे संपर्क करें या फोन करें। नंबर जल्द जारी किया जाएगा, या डाकघर जाकर पूछताछ करें।

### कलेक्टर ने मृतका के भाई को दी 4 लाख की त्वरित सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृत एक महिला के वारिस को त्वरित राहत देते हुए 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। कोण्डागांव तहसील के भेलवापदर वार्ड निवासी जानादई की दीवार गिरने से दबकर दर्दनाक मौत हो गई थी। कलेक्टर ने प्रकरण की त्वरित जाँच कराते हुए मृतका के भाई शंकर नेताम को 4 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की। राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदार को दे दिए गए हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन के इस संवेदनशील और तेज निर्णय के लिए कलेक्टर का आभार जताया है। कलेक्टर का साफ संदेश आपदा में कोई परिवार अकेला नहीं रहेगा।

### कलेक्टर-एसपी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने सोमवार को जिला चिकित्सालय का संयुक्त निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और साफ–सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और एसपी ने सबसे अहम निर्देश दिया जिला अस्पताल परिसर में जल्द ही पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाए। मरीजों–तीमारदारों की शिकायतें तुरंत दर्ज हों और त्वरित कार्रवाई हो सके। अस्पताल में तैनात सभी प्राइवेट गार्डों को पुलिस विभाग द्वारा विशेष सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य गेट पर वाहनों की सघन चेकि स्थायी मोर्चा बनाया जाएगा। परिसर में तंबाकू, गुटखा, बीड़ी–सिगरेट और किसी भी मादक पदार्थ का सेवन या थूकना पूरी तरह प्रतिबंधित है। कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर, वार्ड, शौचालय और गलियारों की रोजाना साफ–सफाई सुनिश्चित करें।

# बड़ेराजपुर में चक्रवाती तूफान 'दितवाह' का दिख रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान दितवाह का असर अब कोंडागाँव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रें में साफ दिखाई देने लगा है। पिछले तीन दिनों से लगातार ठंडी हवाओं और कोहरे ने मौसम को सर्दी का रंग दे दिया है। मंगलवार सुबह से हरवेल क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा, जो सुबह 9 बजे के आसपास धीरे–धीरे छंटा। धूप निकलने के बाद भी ठंड का अहसास बना रहा।

चक्रवात का प्रभाव विकासखंड के लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रें में फैल गया है। हरवेल, तराईबेड़ा, डिहीपारा, बालेंगा, किबड़ा, धामनपुरी, तितरवंड, पिटीसपाल, पीढ़ापाल, लिहागांव, पारोंड, मैनपुर, पातरीपारा सहित कई गाँवों में सुबह–सुबह कोहरा और ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में कैद कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि ठंड इतनी तेज हो गई है कि खेती–बाड़ी का काम भी प्रभावित हो रहा है।

## कोहरा, ठंड और शीतलहर की शुरुआत, जिला प्रशासन अलर्ट पर




### जिला प्रशासन तैयार : राहत कार्यों की योजना

मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने जरूरत पड़ने पर शीतलहर के दौरान राहत उपाय शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली है। कंबल वितरण, गर्म भोजन केंद्र और स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रें में विशेष निगरानी रखी जाए। ग्रामीणों से अपील है कि ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें, धुआं या आग जलाने से सावधान रहें और स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचें। 'दितवाह' का यह असर पूरे छत्तीसगढ़ में देखा जा रहा है, लेकिन बड़ेराजपुर जैसे सुदूर क्षेत्रें में प्रभाव ज्यादा गंभीर है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में और गिरावट का अनुमान जताया है।

### मौसम विभाग की चेतावनी

*मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं और बंगाल की खाड़ी के चक्रवाती दबाव का संयोजन दिसंबर की शुरुआत को इस सीजन की सबसे ठंडी लहर बना सकता है। चक्रवाती तूफान 'दितवाह' के अवशेषों के कारण तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दिसंबर का पहला सप्ताह पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड की शुरुआत लेकर आएगा। कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी हो चुका है।*

**बैठक :** टोकन-बारदाना-चेकपोस्ट से लेकर आवास निर्माण तक, लापरवाही करने वालों को चेतावनी

# कलेक्टर की समय-सीमा बैठक में धान खरीदी से लेकर कई मुद्दे पर दिए गए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक ली। बैठक में शासन की सभी प्रमुख योजनाओं और निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। खरीदी पूरी तरह पारदर्शी और सुचारू हो, समिति प्रबंधक–ऑपरेटर की अनिवार्य उपस्थिति हर किसान को टाइम पर टोकन, सभी केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना, अवैध परिवहन रोकने चेकपोस्टों पर पुलिस–वन–राजस्व की संयुक्त टीम 24x7 मुस्तैद रहे।

समाज कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को अपने–अपने दायित्व समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। विशेष गहन पुनरीक्षण वोटर लिस्ट तय समय से पहले पूरा हो, पुनर्वासित व्यक्तियों को शासन की सभी योजनाओं का 100: लाभ, पीएम आवास निर्माण में तेजी लाएं, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, बस्तर ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए बस–डॉक्टर की टीम सहित पूरी व्यवस्था, सांसद खेल महोत्सव की तैयारियां शुरू करें मर्दापाल क्षेत्र में श्रम पंजीयन के लिए गांव–गांव शिविर, जल जीवन मिशन, सूर्य घर योजना, आश्रम–छात्रवास निर्माण की प्रगति तेज करें। केशकाल मार्ग डायवर्सन प्लान तैयार करें, तुरंत अतिक्रमण हटाएं।

**ये रहे उपस्थित**–बैठक में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर का साफ संदेश कोई भी योजना और कोई भी काम लटकने नहीं चाहिए। जनता का काम सबसे पहले, लापरवाही करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। अब जिले में सभी विभाग फुल अलर्ट मोड में हैं।

### जनदर्शन में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सुनी ग्रामीणों की पुकार

कोण्डागांव। साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न क्षेत्रें से आए सैकड़ों ग्रामीणों–नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।



ग्राम कड़ेनार के लखुराम कोर्राम ने मर्दापाल–कड़ेनार मार्ग पर पुल की मांग की ग्राम मलनार के शिवनाथ शोरी ने नहकानार पंचायत में ढामरीकरण और सीसी रोड़ की गुहार लगाई, ग्राम एरला के अशोक कुमार सहारे ने वन अधिकार पट्टे की मांग रखी, इसके अलावा दर्जनों ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, बिजली–पानी, सड़क सहित कई समस्याओं के आवेदन दिए, कलेक्टर ने हर आवेदन को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। कई मामलों में तुरंत फोन कर काम शुरू कराने के आदेश दिए गए। कलेक्टर ने कहा आपकी समस्या हमारी जिम्मेदारी है। कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहेगा। जनदर्शन में ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष दिखा। कई लोगों ने कहा, मैडम ने हमारी बात सुनी, अब उम्मीद है जल्दी काम होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोयलीबेड़ा में नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए लगाई गई विशेष कक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन और उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई है। यहां के विद्यार्थियों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष कक्षाओं का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

यह विशेष शैक्षणिक कक्षाएँ खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक रिसोर्स समन्वयक तथा संकुल समन्वयकों के संयुक्त मार्गदर्शन में नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। यह स्पष्ट करता है कि ब्लॉक स्तर पर शिक्षा अधिकारियों द्वारा इस पहल को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इन महत्वपूर्ण कक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी शिक्षक किशन लाल कश्यप को सौंपी गई है, जिसे वे कुशलतापूर्वक निभा रहे हैं। कश्यप द्वारा विद्यार्थियों को विषयवार मार्गदर्शन, मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास, और साप्ताहिक टेस्ट के माध्यम से परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह बच्चों की व्यक्तिगत शैक्षणिक कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

इस समर्पित प्रयास के परिणामस्वरूप, विद्यार्थियों में नवोदय प्रवेश परीक्षा के प्रति उत्साह और तैयारी दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। विकासखण्ड स्तरीय शिक्षा अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस विशेष योजना से अधिकाधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाकर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।

# कॉल रिसिव न करने पर भड़का युवक, पत्थर से किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



ग्राम माहुद में मोबाइल कॉल रिसिव न करने की बात पर एक युवक इतना आगबबूला हो गया कि उसने अपने ही दोस्त पर पत्थर से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर से खून बहने लगा। घायल ने घटना की शिकायत चारामा थाना में दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

चारामा थानांतर्गत ग्राम माहुद निवासी 21 वर्षीय कृष्णा पडोटी पिता शंकरलाल पडोटी ने पुलिस को बताया कि घटना 29 नवंबर को दोपहर लगभग 1:45 बजे की है। वह गांव के कैलाश नेताम की किराना दुकान के पास सुकराम पटेल, मनीष नेताम और गणेश्वर कतलाम के साथ बैठा था। तभी उसका दोस्त भूपेश नेताम वहां पहुंचा और कॉल रिसिव न करने की बात पर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि भूपेश ने आक्रोश में पास में पड़े पत्थर से कृष्णा के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गहरा घाव आया और खून बहने लगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी भूपेश नेताम के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



# धान खरीदी केन्द्र पुजारीपारा की लिमिट बढ़ाने की मांग तेज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति दमकसा के धान खरीदी केन्द्र पुजारीपारा में खरीदी की कम लिमिट को बढ़ाने किसानों की मांग जोर पकड़ चुकी है। क्षेत्र में धान की शत-प्रतिशत कटाई एवं मिजाई हो जाने के बावजूद खरीदी प्रक्रिया में विलंब से किसान गंभीर परेशानी झेल रहे हैं। पुजारीपारा धान खरीदी केन्द्र के पंजीकृत किसानों की संख्या लगभग 600 है, जिसमें सिवनी, गोयदा, कलगपुरी, पुजारीपारा, नागहूर, नेडगांव, तराईघोटिया सहित आसपास के कई गाँव शामिल हैं। किसानों ने बताया कि केन्द्र में प्रतिदिन सीमित टोकन जारी होने के कारण भीड़ बढ़ रही है और लंबे इंतजार के बावजूद धान खरीदी नहीं हो पा रही है। किसानों के अनुसार वर्तमान में खरीदी केन्द्र की लिमिट 384 क्विंटल प्रतिदिन निर्धारित है, जिससे एक दिन में केवल दो या तीन किसान ही धान बेच पा रहे हैं। ऐसे में शेष किसानों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और कई बार केन्द्र कर्मचारियों एवं किसानों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समिति व्यवस्था के चलते किसानों की उपज शेडों व घरों में पड़ी खराब होने का खतरा बढ़ रहा है। इसके अलावा रातभर कतार में खड़े रहकर टोकन प्राप्त करना भी किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। किसानों ने इस मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने में बिहारी लाल सिंहा, नवलराम ईश्वर, महेश कुमार, दरबारी राम, आसाराम उसेंडी, मन्नूराम दरो, वीरेंद्र कुमार, परदेशी राम, तिजूराम, माहर सिंह, महेश कुमार, लालसाय, मानाराम, राजूराम, जय सिंह एवं अन्य क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में एड्स जागरूकता दिवस पर हुआ एक दिवसीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में एड्स जागरूकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

रेड रिबन क्लब और रोकथाम पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता डॉ. सागर ठाकुर ने एड्स की वास्तविकता और गंभीरता को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया। डॉ. ठाकुर ने महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब के गठन की प्रक्रिया और इसके महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा कि युवाओं के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने में यह क्लब रीढ़ की हड्डी के समान है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उम्र और शारीरिक क्षमता के विभिन्न पड़ावों पर संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने ड्रग्स के दुष्परिणाम, रक्तदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, और एचआईवी पीड़ित माँ से बच्चे को सुरक्षित रखने के उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ. शर्मिष्ठा शेखर ने रेड रिबन की सार्थकता से सभागार को परिचित कराया। विशिष्ट अतिथि रेशम वारे ने एड्स के कारण और लक्षणों को विस्तारपूर्वक समझाया तथा इससे बचाव के लिए जागरूकता को ही एकमात्र उपाय बताया। डॉ. आशीष कुमार नेताम ने रेड रिबन के माध्यम से जागरूकता अभियान, बीमारी की भयावहता और सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक खिलेश्वर कोसमा, अतिथि व्याख्याता डॉ. आभा श्रीवास्तव, डॉ. शर्मिष्ठा शेखर, सत्यप्रिया जैन, विनय कुमार प्रधान, चित्रसेन राय, विवेक मनसागर सहित कार्यालयीन स्टाफ सुनेश्वर ठाकुर, तेजेस कुमार उइके, कृतिका नेताम, रोशनी ध्रुव, टोमेश्वरी कोर्राम एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जागरूकता ही जिंदगी है: डॉ. विजय



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. विजय कुमार साहू ने जागरूकता ही जिंदगी है का संदेश देते हुए कहा कि केवल जागरूकता से ही हम इस बीमारी को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी प्रियंका जायसवाल ने किया और आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य प्रियंका गवर्ना ने किया।

# कांग्रेस मंडल द्वारा धान उपार्जन केन्द्र सरोना एवं मालगांव का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना




तहसील सरोना अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र सरोना एवं मालगांव में कांग्रेस मंडल सरोना के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खरीदी प्रक्रिया, नापतोल, हमालों के भुगतान और किसानों की संतुष्टि सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की बारीकी से जांच की गई। कांग्रेस के निरीक्षण दल ने धान के प्रत्येक बोरे का वजन जांचा, जिसमें 40 किलो 700 ग्राम तक वजन पाया गया। इस पर अधिकांश किसानों ने नापतोल को सही बताया और खरीदी प्रणाली पर संतोष जताया। हालांकि कुछ किसानों ने नापतोल में हल्की आपत्ति दर्ज कराई, जिसे तुरंत निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा ठीक कर दिया गया। किसान रेखराम साहू धनेसरा, लखन साहू सरोना, सुरेश कोराम सहित कई किसानों से जानकारी ली गई। किसानों ने बताया कि नापतोल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं है और उनकी धान खरीदी सही तरीके से हो रही है। उन्होंने निरीक्षण दल को अपनी संतुष्टि व्यक्त की। इसी दौरान हमालों से जब प्रति बोरा मिलने वाले कमीशन के बारे में जानकारी ली गई, तो हमालों ने बताया कि उन्हें प्रति बोरा 13 रुपए के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है, जबकि शासन के आदेशानुसार 34 रुपए 77 पैसे प्रति बोरा भुगतान का प्रावधान है। इस अंतर को लेकर हमालों और कांग्रेस के निरीक्षण दल ने समिति प्रबंधन से सवाल उठाए। लेम्बस प्रबंधक अरुण साहू ने भी इस पर असहमति जताते हुए कहा कि उन्हें शासन से किसी भी प्रकार का स्पष्ट आदेश नहीं मिला है। समिति अध्यक्ष जीवन नेताम ने भी शासन प्रशासन से मांग की कि निर्धारित राशि के संबंध में स्पष्ट आदेश सभी सहकारी समितियों और धान उपार्जन केंद्रों को उपलब्ध कराया जाए, ताकि हमालों को निर्धारित दर से भुगतान किया जा सके और किसी भी प्रकार की गलतफहमी न रहे। निरीक्षण कार्यक्रम में जोन प्रभारी कमल ध्रुव, मुकेश रजक मंडल अध्यक्ष, राजकुमार नाग, भौम सिंह नाग, दिनेश सहारे उपसरपंच, पुष्कर साहू, देवाल सिंह नेताम, फैजल मेमन, पृथ्वी लाल रामटेके, विक्रांत, शिवेंद्र जैन, सेवक गंजीर, जगदेव मंडावी, देवानंद मरकाम, जेवालाल मरकाम सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### ग्रामीणों ने चंदे...

घर में अस्थायी रूप से स्कूल चलाने का निर्णय लिया, पर निजी घर में बच्चों के लिए शिक्षण का अनुकूल वातावरण तैयार करना कठिन था। तब गाँव के लोगों ने सामूहिक बैठक कर ठान लिया कि अब बच्चों की पढ़ाई किसी के भरोसे नहीं छोड़ी जाएगी। जर्जर दीवारों से निकलकर जब बच्चे इस नई झोपड़ी में बैठकर पढ़ते हैं, तो यह सिर्फ एक अस्थायी संरचना नहीं बल्कि गाँव की उम्मीद और संघर्ष का प्रतीक बन जाती है।

### खरीदी लिमिट में...

धान खरीदी का लक्ष्य तय किया गया है। खरीदी शुरू हुए 18 दिन गुजर चुके हैं और हैरानी की बात है कि अब तक सिर्फ 93 किसानों का 4963 क्विंटल धान खरीदा जा सका है। यानी कुल किसानों में से मात्र 10 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज बेच पाए हैं। किसानों का कहना है कि यदि यही गति रही, तो पूरे सीजन में लक्ष्य पूरा होना तो दूर, आधे किसानों की फसल भी नहीं खरीदी जा सकेगी।

### बाइक की जोरदार...

भानुप्रतापपुर ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद अजय कुमार दुग्गा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल फैल गया। पीड़ित भगत सलाम की शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 281 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी चालक की भी पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

### ब्लॉक स्तरीय युवा...

गायन प्रतियोगिता भी होगी। विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के विज्ञान मेला भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा युवा कृति प्रदर्शनी के अंतर्गत हस्तशिप, टेक्सटाइल तथा कृषि उत्पाद प्रदर्शन की भी प्रतियोगिताएं हांगी। महिला खेल स्पर्धा का आयोजन उन्मुक्त खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा, इसमें एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ तवा फेंक, टीम खेलों में खो-खो, बैटमिंटन, वॉलीबॉल तथा मनोरंजक खेल रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

### परिवारिक विवाद में...

के देवर संजीत दिवाकर और भांजा कीर्ति दिवाकर ने बीच-बचाव कर दोनों को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। परिवारिक विवाद से शुरू हुआ मामला हिंसा में बदल गया, जिससे स्थानीय समुदाय में भी घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए पुलिस ने आरोपी गंभीर दिवाकर के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाइपास में उत्पात...

हुडदंगबाजी और गाली गलौच का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पुलिस के हाथ लगा और पुलिस ने युवकों की पहचान किया। पुलिस ने खोजबीन कर 2 दिसंबर को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत महसूस की है, क्योंकि इस मार्ग पर आए दिन उत्पात की शिकायतें मिलती रहती थीं।

इनकी भूमिका रही अहम : संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि सोमेंद्र सिंह, प्रआर गीतश्वर, कुलदीप तथा कांकेर पेट्रोलिंग टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजमार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### खनिज शाखा द्वारा...

उसी स्वीकृति एवं 2023 के नियमों के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में नए नियमा के तहत एग्रीमेंट किया जाना संभव नही है। ज्ञापन देने के दौरान सामाजिक नेता सुमेर सिंह नाग, विजय ठाकुर, मचांदुर सरपंच नूतन भोयर, भिलाई सरपंच रूकमणि हदगिया, माहुद सरपंच बालकृष्ण सलाम, करिहा सरपंच सुगन ध्रुव, भिरौद सरपंच मिथलेश्वरी दर्रो एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने युथ हब लाभार्थियों को किया लोन वितरण



**दंतेवाड़ा।** जिले में युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा युथ हब के लाभार्थियों को लोन वितरित किया गया। यह ऋण वितरण सामाजिक निवेश नेटवर्क रंग दे और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के सहयोग से संभव हुआ है। इस पहल के अंतर्गत आठ युवा उद्यमियों को 50-50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत कर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने सभी चयनित युवाओं एवं महिलाओं से उनके गांव और व्यवसाय के बारे में जानकारी ली और उन्हें अपने बिजनेस को मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगे कहा कि चयनित लाभार्थी जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने तथा आर्थिक प्रगति में योगदान देने के लिए औरों को भी प्रेरित करें।

## अनुपस्थित, मृतक व पलायन मतदाताओं की सूची तैयार

**बीजापुर।** भैरमगढ़ में एसडीएम विकास सर्वे की उपस्थिति में सरपंच, बीएलए, बीएलओ और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान क्षेत्र में अनुपस्थित, मृतक तथा पलायन कर चुके व्यक्तियों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित तथ्य बताए जाने के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों की सहमति से ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अद्यतन और शुद्ध करने तथा आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

# सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

स्वच्छ भारत मिशन की राष्ट्रव्यापी पहल के अनुरूप 219 बटालियन ने कमांडेंट पार्थसारथी घोष के मार्गदर्शन में स्वच्छता शपथ का निष्ठापूर्वक पालन किया।

■ स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का किया आग्रह






सीआरपीएफ 219वीं वाहिनी ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य बटालियन के सभी रैंकों में स्वच्छता, अनुशासन और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के मूल्यों को सुदृढ़ बताते हुए कार्यक्रम की शुरुआत कमांडेंट पार्थसारथी घोष द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करने और महात्मा गांधी के स्वच्छ एवं विकसित भारत के दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता न केवल एक नागरिक कर्तव्य है, बल्कि व्यक्तिगत अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने-अपने ज़िम्मेदारी वाले क्षेत्रों में और उसके आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रभारी कर्मवीर सिंह यादव, चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद इब्राहिम, डिप्टी कमांडेंट अभय कुमार श्रीवास्तव और सहायक कमांडेंट काना राम चौधरी वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी, एसओ और ओआर उपस्थित थे। संबोधन के बाद पूरी बटालियन ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली और हर साल 100 घंटे यानी लगभग दो घंटे प्रति सप्ताह, स्वच्छता गतिविधियों के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। उन्होंने न तो कूड़ा-कचरा फैलाने और न ही दूसरों को करने देने का संकल्प लिया, और अपने बैरक, रहने के स्थान, कार्यस्थल और आसपास के वातावरण से स्वच्छता अभियान शुरू करने का संकल्प लिया।

कमांडेंट के नेतृत्व में और सभी उपस्थित अधिकारियों के सहयोग से कैंप परिसर के अंदर एक समर्पित स्वच्छता अभियान चलाया गया। कर्मियों ने सामूहिक जिम्मेदारी का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रशासनिक ब्लॉक, आवास लाइनों, सार्वजनिक क्षेत्रों और आसपास के परिवेश की सक्रिय रूप से सफाई की। कमांडेंट ने सभी अधिकारियों और जवानों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और उन्हें आस-पास के गाँवों और इलाकों में स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दोहराया कि एक स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण तब होता है जब उसके नागरिक अपने आसपास के वातावरण की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी लेते हैं।

कार्यक्रम सभी रैंकों के नए उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। 219 बटालियन ने राष्ट्रीय मिशन के समर्थन में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक अनुशासित वातावरण के निर्माण में सार्थक योगदान देने के अपने संकल्प की पुनः पुष्टि की।

### सैमरैया माता व देवगुड़ी निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

# बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता : विनायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत टिकरा धनोरा के गांव सैमरैया माता एवं छिन्दबहार में आज देव गुड़ी निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए स्वीकृत 10 लाख की राशि ग्रामीणों की आस्था और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगी।

■ 10 लाख की राशि निर्माण के लिए स्वीकृत



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोकापाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल रहे। जिन्होंने पूजा-अर्चना के पश्चात भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित एवं विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। देव गुड़ी केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि ग्रामवासियों की परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल पदमनी कश्यप , जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य हेमबती कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष मिटकु राम बघेल, अन्तराम कश्यप, मुन्ना कश्यप , मेघराज ठाकुर, जीवनाथ मौर्य, चन्द्रकांत भण्डारी, सुभाष कश्यप, गुलाब सिंह ठाकुर, मैतर कश्य , बोदा कश्यप, दुर्जन बघेल, पुजारी इंदर बघेल, हेमचंद्र सोम, गणपति सोम, मुरली सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# जनता व सुरक्षा बलों के बीच रिश्ता मजबूत करने बटालियन ने लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नक्सल मोर्चे पर तैनात सीआरपीएफ के जवान आम नागरिक को मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। नक्सलियों से लड़ाई लड़ने के अलावा सुरक्षा बलों के जवान सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत लोंगों के स्वास्थ्य जांच कर रहें है।

जिससे जवानों और ग्रामीणों के बीच बेहतर सबंध बन सके और विश्वास बढ़ सके इसी क्रम में बेलनार सीआरपीएफ कैम्प में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। घोर नक्सल प्रभावित इलाका बेलनार जहां सीआरपीएफ 165 बटालियन द्वारा आम नागरिकों की सहायता व चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें बेलनार गांव के कलारपारा, सेठियापारा, पटेलपारा, कुजंमपारा, कासाबाडा पारा, कोडेर पारा, तथा सतवा गांव के स्कूलपारा, पटेलपारा, यमला पारा एवं लाडी पारा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया जिसमें 165 बटालियन सीआरपीएफ के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आशीष साण्डिल्य द्वि.क.अधि. , मुचि अधि ओजी ने ग्रामिणों के स्वास्थ्य की जांच की उसके बाद निशुल्क दवाईयों का वितरण किया। कुछ गंभीर बीमारियों कि लिए उचित रास्ता बताया गया और बाहर बड़े अस्पतालों में जांच की बात कही गई।

■ ग्रामीणों को नक्सलवाद की गलत नीतियों के बारे में बताया



संजय कुमार सहायक कमाण्डेट ने गामिणों को नक्सलवाद की गलत नीतियों के बारे में बताया और शासन के योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संजय कुमार सहायक कमाण्डेट ने बताया की सीआरपीएफ हमेशा ग्रामीणों की सेवा के लिए तैयार रहती है। इस दौरान निरिक्षक, जीडी धंजय कुमार, उपनि. जीडी कुलदीप सिंह, उपनि. जीडी अजय कुमार, उप. नि एमएसएन विकास कुमार पलसानिया, सउनि जीडी हरिराम पाल, सउनि जीडी जार्ज क्लेमेंट, जीडी सत्येन्द्र सिंह, सिजीडी पवन पन्ना, सिजीडी रंजीत सिंह, सिजीडी गजेन्द्र श्रीवास सिजीडी आकाश बर्मन व अन्य सीआरपीएफ कार्मिक मौजूद रहे।

# बच्चों को संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक, पोषक सामग्रियां बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

आहार एवं पोषण अभियान के तहत युवा साथी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने गूंज वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से पोषण आहार वितरण किया। प्री. मैट्रिक कन्या छात्रावास ढ़ोडरेपाल 50, कन्या आश्रम ढ़ोडरेपाल 100, कन्या आश्रम चितापुर 80 तथा पूर्व माध्यमिक शाला रामपाल छिंदावाड़ा के बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण को ध्यान में रखते हुए जूस एवं आवश्यक पोषक सामग्रियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना था।



कार्यक्रम की गरिमा गूंज वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी लक्ष्मी कश्यप, समाज सेविका उर्मिला गोयल, दुर्जन सिंह कश्यप महामंत्री दरभा, नारायण कुर्रेनि बस्तर जिला महिला मोर्चा सदस्य, सोनी सोरी, काजल वर्मा, वंदना, बली माँझी, ढ़ोडरेपाल प्राथमिक शाला के प्राचार्य जोजेंद्र कश्यप तथा आश्रम अधीक्षिकाएं चिंतामणि मौर्य एवं गंगा नागेश की उपस्थिति से और भी बढ़ गई।

# युवाओं में व्यक्तित्व चरित्र का विकास करना उद्देश्य : रूबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल पटेलपारा के प्रांगण में सोमवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय से छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अनुभव को अपने व्यक्तिगत विकास के लिए बेहद उपयोगी बताया।



शिविर में छात्रों ने सेवा भावना को प्रोत्साहित करते हुए। उनके व्यक्तित्व और चरित्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एबीओ, मनोज सिंह राठौर एवं बीओ प्रमोद भदौरिया सभी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती को फुल माला के साथ दीप प्रज्वलित कर इस समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों और युवाओं में उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। इसके द्वारा छात्रों में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। साथ ही छात्रों में आपात स्थिति में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता विकसित करना है साथ ही विद्यार्थियों को योग के महत्व, लाभ और दैनिक जीवन में योग अपनाने की आवश्यकता के बारे में बताए। शिविर में सभी बच्चों के साथ भोजन भी किया गया।

इस दौरान एसएमडी अध्यक्ष अतुल सिंह, शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य मगरीता टोपो. एएमएनएस से डॉ. तेज प्रकाश, शिक्षा विभाग से एबीओ मनोज सिंह राठौर, बीओ प्रमोद भदौरिया, नगरपालिका सीएमओ शशीभूषण महापात्र, पार्षद के. साजी, पार्षद अनिल मरकाम, थामस बाबू सहित शहर के गणमान नागरिक उपस्थित थे।

## एसआईआर की नियत अवधि 11 दिसंबर तक मतदाताओं को पर्याप्त सुविधा प्रदान की जावे

**जगदलपुर।** भाजपा के जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का समय एक सप्ताह बढ़ाते हुए 11 दिसंबर कर दिया गया है।



निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए भाजपा के जिला, मंडल स्तर से लेकर बूथ अध्यक्ष कमेटी एवं नियुक्त बीएलओ से आह्वान करते हुए कहा कि बस्तर जिले का कोई भी मतदाता एसआईआर से वंचित नहीं होना चाहिए इसका ध्यान रखा जावे। हमारे लिए एक-एक मतदाता महत्वपूर्ण है। उन्होंने बस्तर जिले के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य में किसी प्रकार की असुविधा होती है तो स्थानीय स्तर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क कर इसका निराकरण करवाया जा सकता है। उन्होने कहा कि नियत अवधि 11 दिसंबर तक मतदाताओं को पर्याप्त सुविधा प्रदान की जाए ताकि अधिकतम समावेशन और शुद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा, जो पुनरीक्षण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। मतदाताओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि में किया गया है। अब नागरिक प्रारूप सूची के संबंध में अपने दावे या आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दर्ज करा सकेंगे। दावे और आपत्तियों की सुनवाई करने और उनका निपटारा करने की प्रक्रिया 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक चलेगी। सभी चरणों के सफल समापन के बाद, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

# एसआईआर डिजिटलाइजेशन के संबंध में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्वप्रथम साधारण असाधारण राजपत्र में आदेश अधिसूचना इत्यादि के प्रकाशन के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देश के संबंध में कहा कि वर्तमान प्रचलित प्रणाली के स्थान पर समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन ई-गजट के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए राज्य स्तर पर समस्त विभागों एवं मुद्रणालय स्तर पर उप संचालक के लिए भी लॉगिन आईडी का निर्माण किए जाएगें।



जिला स्तर पर सभी विभाग प्रमुख मास्टर एडमिन से प्राप्त लॉगिन आईडी का उपयोग कर आदेश, अधिसूचना, अध्यादेश को तैयार कर जांच करने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी अथवा स्वयं को मेकर तथा चेकर नियुक्त किया जाएगा। विभाग प्रमुख, जिला कलेक्टर द्वारा अपने विभाग, कार्यालय स्तर पर समस्त उपयोगकर्ताओं तथा ई-गजट का प्रबंधन करना। मेकर द्वारा अधिसूचना तैयार कर सत्यापन तथा हस्ताक्षर हेतु चेकर को भेजा जाएगा। चेकर द्वारा मेकर आई.डी. से प्राप्त अधिसूचना में किसी प्रकार की कमी या त्रुटि होने पर वापस मेकर को भेजा जाएगा। अधिसूचना सही होने पर हस्ताक्षर कर मुद्रणालय पोर्टल पर भेजा जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पर कांग्रेस का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता के हालिया बयानों पर कड़ा पलटवार किया है। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा का शासन जनता के विश्वास पर नहीं, बल्कि छल-कपट के महल पर टिका है और संतोष गुप्ता का बयान उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ करता है। विमल सलाम ने आरोप लगाया कि दंतेवाड़ा में भाजपा खुद गुटबाजी से बुरी तरह जूझ रही है और कम से कम पाँच प्रमुख गुट खुले तौर पर सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि संतोष गुप्ता पहले अपना घर संभालें। उनकी ही पार्टी में आपसी कलह इतनी गहरी है कि प्रशासनिक निर्णय भी गुटों की रस्साकशी में उलझ जाते हैं। विमल ने स्पष्ट किया कि पार्टी दंतेवाड़ा में एक संगठित रणनीति के साथ काम कर रही है और उसका पूरा ध्यान जनता से जुड़े मुद्दों पर है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा, किसानों की समस्याएँ व आदिवासी अधिकार इन मुद्दों को विमल ने अपनी प्राथमिकता बताया। सलाम ने कहा कि हम सत्ता की लड़ाई नहीं, जनता के भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। विमल का आरोप है कि भाजपा की जीत जन विश्वास की नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर चुनावी तंत्र और प्रचार तंत्र के दुरुपयोग का परिणाम है।

# बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय में आज जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, रेड रिबन क्लब तथा महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिलक राम रात्रे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक जननायक ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक सुधारक, आध्यात्मिक नेता और स्वतंत्रता संग्राम की आदिवासी धारा के अग्रदूत थे। उन्होंने बिरसा मुंडा के कुछ प्रमुख योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उलगुलान महाआंदोलन के माध्यम से ब्रिटिश शासन एवं जमींदारी प्रथा के अत्याचारों के विरुद्ध व्यापक जनजागरण किया।

वे आदिवासी समाज को अपने सांस्कृतिक मूल्यों, पहचान और परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और एक संगठित आदिवासी समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया। डॉ. रात्रे ने युवाओं को बिरसा मुंडा के साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। रेड रिबन क्लब के संयोजक शश्रवण कुमार नेताम ने एचआईवी, एड्स जागरूकता, रोकथाम तथा युवाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तुल्लूराम कश्यप ने अपनी ओजस्वी वाणी में जनजागरण अभियानों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया।

# 33 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले एएसआई को एसपी ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ कार्यकाल के दौरान 23 नगद पुरस्कार व 42 प्रशंसा पत्र किया अर्जित

प्रदेश के अलग अलग जिले के अलावा लबें समय तक बस्तर में पदस्थ रहे सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर कश्यप को एसपी शलभ कुमार सिन्हा तथा एएसपी महेश्वर नाग की उपस्थिति में भावपूर्ण विदाई दी गई।



एसपी दफ्तर में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें उनके दीर्घ सेवाकाल के योगदान को सराहा गया।

एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग के अनुभवी, निष्ठावान एवं कर्मठ अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर कश्यप ने सोमवार को अपनी 33 वर्ष 4 माह 19 दिन की सफल एवं गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। श्री कश्यप ने 11 जुलाई 1992 को जिला पुलिस बल में आरक्षक के रूप में अपने सेवाकाल की शुरूआत की। कठोर परिश्रम और उत्कृष्ट कार्य के आधार पर वे वर्ष 2012 में प्रधान आरक्षक 2021 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। उन्होंने अपने सेवा काल में 23 नगद पुरस्कार व 42 प्रशंसा पत्र अर्जित किये। अपने 33 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील थाना व चौकियों में उत्कृष्ट सेवाएं दीं। इस दौरान वे बस्तर, दुर्गकोंदल, जगदलपुर, फ्रेजरपुर, फरसागुड़ा, पतोर, केशकाल, भानपुरी, मासनारा, पुलिस सहायता केंद्र नानगुर और थाना नानगुर में भी पदस्थ थे। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, शांति और अनुशासन के साथ पुलिसिंग करते हुए पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय खेलकुद स्पोर्ट इवेंट आज

**कांकेर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकुद स्पोर्ट इवेंट कार्यक्रम का आयोजन पं. विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर में 3 दिसंबर बुधवार को दोपहर 3 बजें से रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नगा व कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोड़ाबत्तर निवासी 40 वर्षीय नरेश दर्रो की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी रजुला के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किए हैं।

### 370 प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जाएंगे जगदलपुर

**सुकमा।** बस्तर ओलंपिक में सुकमा जिले से 370 प्रतिभागी, जिनमें 192 पुरुष और 178 महिलाएं शामिल हैं। संभागस्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुए हैं। बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11, 12 और 13 दिसम्बर को जगदलपुर में किया जाएगा। ग्राम स्तर से प्रारंभ होकर ज़ोन, विकासखंड और जिला स्तर की श्रेणीबद्ध चयन प्रक्रिया के बाद, विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन प्रतिभागियों को संभागीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।

### बोदागुड़ा और चीचोरड़गुडा के ग्रामीणों को मिला बटेर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश तथा पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. संदीप इंदुरकर के मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड अंतर्गत नियद नेल्लानार के ग्राम बोदागुड़ा और चीचोरड़गुडा में ग्रामीणों को 50 यूनिट बटेर का निःशुल्क वितरण किया गया। दूरस्थ और अंदरूनी इलाकों तक पहुंचकर बटेर एवं चूजा वितरण ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराने किया गया।

### अमीन भर्ती परीक्षा में विशेष प्रशिक्षण आज

**जगदलपुर।** अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 7 दिसंबर को दोपहर 12 से 02.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्था मजबूत रखने और नकल तथा अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किए गए उड़नदस्ता दल, पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) तथा केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संबंधी विस्तृत दिशानिर्देश और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### धान के अवैध भंडारण-परिवहन पर सख्त कार्रवाई का आदेश

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय-सीमा की बैठक में साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने एसआईआर की प्रगति की जानकारी लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 11 तक सत्यापन पूर्ण कर लिया जाना चाहिए। इसके अलावा धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर पैनी नजर रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी इसके विरूद्ध सख्ती से सतत कार्यवाही करें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ द्वारा यह कार्य अब 04 दिसम्बर के स्थान पर 11 दिसम्बर तक किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए नियमित रूप से मुनादी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर इस योजना के लाभ से अवगत कराने के लिए सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देशित किया।

इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी उपार्जन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा धान का अवैध रूप से भण्डारण व परिवहन न हो, इसके लिए बिचौलियों एवं कोचियों के विरूद्ध सतत कार्यवाही करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम लाने के लिए विषय शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से अभ्यास कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

### 11 से 13 दिसंबर तक होगा बस्तर ओलंपिक



आयोजित बैठक में कलेक्टर ने बताया कि संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 11 से 13 दिसम्बर तक जगदलपुर में किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं कोच की विभिन्न प्रकार की आवश्यक व्यवस्था एवं प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से ध्यान देने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण विभाग से संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव के अनुसार प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति से संबंधित कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने उच्च कार्यालयों से अनुमति लेने के लिए पत्राचार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण व मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया और साथ ही शासन के निर्देशानुसार विभागों में विभिन्न मदों के तहत संचालित अलग-अलग बैंक खातों में जमा राशि को एक ही खाते में समायोजित करने के भी सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की किया समीक्षा

कलेक्टर ने अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण अविलंब पूर्ण करने सहित एनसीएईआर सर्वे, ई-ऑफिस ऑटोमेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, बस्तर विकास प्राधिकरण तथा जिला न्यास निधि अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूरा करने, पोषण पुनर्वास केंद्र, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, आयुष्मान वय वंदना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि इत्यादि विषयों की प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को समय-सीमा में निष्पादित करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# विश्व एड्स दिवस पर रेडक्रॉस इकाई सेजेस पटौद में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पटौद में जूनियर रेडक्रॉस इकाई के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं समुदाय में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इससे जुड़े मिथकों को दूर करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य डीएस निषाद द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एड्स केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता एवं जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने सुरक्षित जीवनशैली, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं सामाजिक संवेदनशीलता पर जोर दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से विशेषज्ञ काउंसलर निर्भय साहू, राकेश नाग लैब तकनीशियन, डिगेश देवांगन, महेंद्र जूरी ने एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा उपलब्ध उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एड्स से जुड़े मिथक समाज में गलतफहमियाँ पैदा करते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक जानकारी के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

### विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया कार्यक्रमों में भाग

कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में सुरक्षा ही बचाव, जानकारी ही जागरूकता जैसे सशक्त संदेश प्रदर्शित किए गए। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ाती हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हाई टेंशन बिजली तार चोरी करने वाले दो चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापुर-पखांजूर लाइन का कार्य के लिए मैदान में रखे 17 नाग एसीएसआर पैंथर लाठी तार ड्रम में से एक नाग एसीएसआर पैंथ्र लाठी ड्रम की चोरी करने वाले दो चोर को पुलिस ने रायपुर से धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से चोरी के तार को बेचकर मिले पैसों से बनाए मोटर सायकल और तार को जप्त किया।

थाना पखांजुर में 27 नवंबर को फर्म मेसर्स देवश्री एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड धमतरी के सुपर वायजर भूपेंद्र गौतम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फर्म मेसर्स देवश्री एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड धमतरी के कंपनी के द्वारा 132 केव्ही सेकेंड सर्किट भानुप्रतापुर - पखांजुर लाइन का कार्य किया जा रहा है। लाइन कार्य के लिए कंपनी के द्वारा 17 नाग एसीएसआर पेंथर लाठी तार ड्रम को पीव्ही 34 प्रेमनगर हरिमंदिर के पास मैदान रखा गया था, जो कि खेतों में फसल होने के कारण कार्य बंद था। जब 23 नवंबर को साईड निरीक्षण व सामान मिलान करने के लिए गया तब हरि मंदिर के मैदान में रखा 17 नाग एसीएसआर पैंथर लाठी तार ड्रम में से एक नाग एसीएसआर पैंथर लाठी तार ड्रम चोरी हो गया था। शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करते हुए चोरी की तलाश शुरू किया। टीम गठित कर आस-पास गांव वालो से पता करने पर गांव वालो ने बताया कि 10-12 दिन पूर्व दोपहर के समय किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एक नाग एसीएसआर पैंथर लाठी तार ड्रम को पीकप वाहन में लोडकर अपना सामान बताकर भानुप्रतापुर ले जा रहा हूं कहकर ले गया है।

### आरोपियों ने कबूला आरोप

संदेही आसकरण देवांगन और हेमसागर राणा सरोरा रायपुर में घूम रहे हैं। तत्काल पखांजुर पुलिस



रायपुर रवाना होकर संदेहियों का पीछा करने पर अपराध घटित करना कबूल करने पर आरोपों का मेमोरेण्डम कथन लिया गया व हेमसागर राणा के द्वारा एल्युमिनियम बिजली तार को पेश करने पर गवाहों के स्पष्ट जप्त कर एवं अनुकरण आस्करण देवांगन के पेश करने पर चोरी के पैसे से बनाए गए मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 3479 कीमत 68 हजार रूपएं को जप्त किया गया। अरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पखांजुर पेश किया गया।

# भारत भ्रमण से लौटे विद्यार्थियों ने बीएसएफ अधिकारियों संग साझा किए अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सीमा सुरक्षा बल की 178वीं बटालियन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित 17वें आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 20 छात्र-छात्राओं ने चेन्नई तमिलनाडु भ्रमण कर लौटने के बाद अपने अनुभव साझा किए। यह भ्रमण 23 से 29 नवंबर तक आयोजित किया गया था, जिसमें 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी शामिल थे। ये छात्र-छात्राएँ क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं और पहली बार छत्तीसगढ़ से बाहर निकलकर देश के दक्षिणी हिस्से को देखने का अवसर प्राप्त किया। यात्रा से लौटकर छात्र-छात्राओं ने दुर्गुकोंदल स्थित 178वीं वाहिनी मुख्यालय में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित किया। छात्रों ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान उन्होंने चेन्नई के प्रमुख ऐतिहासिक व पौराणिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, समुद्री तटों तथा तकनीकी विकास से जुड़े स्थानों का अवलोकन किया। उनके अनुसार इस यात्रा ने उन्हें देश की एकता में विविधता को बेहतर समझने का अवसर दिया।

### विद्यार्थियों ने जताया सीमा सुरक्षा बल का आभार

राष्ट्र के विकास और प्रगति के नए आयामों से परिचित कराया,छात्र-छात्राओं ने इस सुनहरे अवसर के लिए सीमा सुरक्षा बल का आभार जताया और कहा कि यह सफर उनके जीवन को नई दिशा देने वाला साबित होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में इस कार्यक्रम में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी शामिल किया जाए, जिससे प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धी भावना और अधिक बढ़े। कमांडेंट रवि भूषण ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वे इस अनुभव को ग्रामीणों के बीच साझा करें तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाने में सहयोग करें।

इस दौरान कमांडेंट रवि भूषण, जेआर कुजूर द्वितीय कमान अधिकारी, शैलेन्द्र शर्मा द्वितीय कमान अधिकारी, नागमणि सिंह उपसमादेष्टा, आनंद सिंह चौहान उप समादेष्टा तथा अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# शिवकथा सिर्फ कथा नहीं, जीवन बदलने वाली शक्तिः प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



ग्राम कच्चे में हो रही सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के विश्राम दिवस पर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय

- शिवमहापुराण कथा में भक्तों ने अनुभव किए चमत्कारिक प्रसंग

ख्याति प्राप्त कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भक्तों को हिरण्यकश्यप, प्रहलाद प्रसंग, 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा, राजा दक्ष व चंद्रमा के श्राप की कथा सहित अनेक पौराणिक प्रसंगों का रोचक और भावपूर्ण वर्णन किया। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चली कथा में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद पंडाल में श्रद्वालु उमड़ पड़े।

कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने कहा कि शिवमहापुराण कथा जीवन की व्यथा को हरने वाली, भक्ति और मुक्ति प्रदान करने वाली दिव्य कथा है। उन्होंने कहा कि भगवान को पाने के लिए धन की नहीं, बल्कि भजन, कीर्तन और सत्कर्म की आवश्यकता होती है। महाराज ने पिता की महिमा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव जैसे पिता और शिव जैसे गुरु मिल जाएं तो जीवन सार्थक हो जाता है। पिता दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। उन्होने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत और महादेव में अटूट विश्वास होना जरूरी है।

स्कंद पुराण का उल्लेख करते हुए कहा कि रेवा तट पर यदि शिवभक्त का मुख भी झुठा कर दे, तो उसके घर पर अन्नपूर्णा की कृपा सदैव बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में क्या होने वाला है कोई नहीं जानता, लेकिन अच्छे कर्म व भक्ति जीवन को प्रकाशमय बनाते हैं। हिरण्यकश्यप (पिता) के अधर्मी होने और प्रहलाद (पुत्र) के परमभक्त होने के उदाहरण से उन्होंने समझाया कि जन्म लेना अलग बात है, परंतु भक्ति करने से ही जीवन सार्थक होता है।

### कथा में पढ़े गए भक्तों के पत्र, साझा की जीवन-परिवर्तन की घटनाएं

कथा के दौरान हजारों भक्तों की उपस्थिति में अनेक भावुक और प्रेरणादायक प्रसंग सामने आए। बेवरती निवासी अंजू नेताम का पत्र पढ़ा गया, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके पति शराब की लत में डूबे थे और घर की स्थिति खराब थी। पड़ोसियों के कहने पर वे पहली बार कथा सुनने गुढ़ियारी रायपुर पहुंचीं। पूजा-अर्चना और शिवकृपा से कुछ ही दिनों में उनके पति ने शराब छोड़ दी। ग्राम आमाडोला निवासी सुहानंद साहू ने पत्र में बताया कि उनके बच्चे वर्ष 2016 से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। मोबाइल के माध्यम से कथा सुननी शुरू की, मंदिर में दर्शन किए और पशुपति व्रत रखा। मार्च 2025 में दोनों को सरकारी नौकरी मिल गई। नरहरपुर की संगीता मंडावी और कोकानपुर की सुखवंतीन नेताम दोनों परिवारों ने पत्र में बताया कि शादी के कई वर्षों बाद भी संतान प्राप्ति नहीं हो रही थी। शिवकृपा और श्रद्धा-भक्ति के सहारे आज उनके घर में संतानों का जन्म हुआ है।

# लोन की रकम को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर बसुला से किया हमला, सिर फटा

**कांकेर।** लोन जमा करने की बात को लेकर बड़े भाई और छोटे भाई के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला जानलेवा हमले तक पहुंच गया। बड़े भाई ने अपने छोटे भाई के सिर पर बसुला से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिर फटने से खून बहने लगा। घटना के दौरान परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। थाना परतापुर में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे पीव्ही 124 अविनाश नगर निवासी 37 वर्षीय परिमल सरकार पिता प्रफुल्ल सरकार ने बताया कि घटना 30 नवंबर की रात साढ़े 8 बजे की है। वह अपने घर पर मौजूद



था, तभी उसका बड़ा भाई प्रदीप सरकार घर के सामने आकर उसका नाम लेकर गाली-गलौच और हंगामा करने लगा। परिमल के मना करने पर प्रदीप और अधिक आक्रोशित हो गया और लोन की रकम को लेकर विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि प्रदीप ने हाथ में रखे बसुला से परिमल के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। इतना ही नहीं, उसने परिमल की कोहनी के पास दांत से काटकर भी चोट पहुंचाई। परिवार के अन्य सदस्यों के हस्तक्षेप के कारण बड़ा हादसा टल गया।

परिमल सरकार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप सरकार के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# जेंडर रथ को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दीनदयाल अंत्योदय योजना नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय जेंडर अभियान का जिले में शुभारंभ किया गया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जेण्डर समानता अभियान का उद्धेश्य महिलाओं के बीच समानता का वातावरण को तैयार करना है। इस साल जेंडर समानता अभियान का नारा एक साथ एक आवाज, समानता के लिये संकल्प का आगाज है। उक्त रथ को जिले के सभी विकासखण्डों में घर, बाजार आदि जगहां पर गीत की धुन के साथ गांव-गांव में भ्रमण कराया जायेगा, ताकि गीत के माध्यम से लोग इस अभियान से जुड़ सके। जिला पंचायत के



सीईओ ने बताया कि उक्त कैंपेन को चार सप्ताह में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम सप्ताह आर्थिक योगदानकर्ताओं के रूप में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता और दृष्टिकोण में बदलाव, द्वितीय सप्ताह महिलाओं के संसाधनों एवं अवसरों तक पहुंच का विस्तार, तृतीय सप्ताह महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित गतिशीलता तथा चतुर्थ सप्ताह महिलाओं के बिना पारिश्रमिक देखभाल कार्य को पहचानना एवं कार्यभार का समान वितरण विषय शामिल है। उन्होंने बताया कि इस दौरान शपथ दिलाना, जागरूकता रैली का आयोजन, सांप-सीढ़ी जैसे खेलों एवं गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता, समूह बैठकों आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके तहत 23 दिसम्बर तक नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय जेंडर अभियान का संचालन किया जाएगा।

### 560 बोरा दुर्गुकोंदल में, 771 बोरा कांकेर में जब्त

# कलेक्टर के निर्देश पर धान के अवैध परिवहन व भण्डारण पर की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केंद्रों में धान क्रय किया जा रहा है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन को रोकने के लिए गठित जांच दलों के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में जांच दल द्वारा 14 नवम्बर से अब तक कुल 560 बोरा (224 क्विंटल) धान जब्त कर छह बिचौलियों व कोचियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई।

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी संबलपुर के अधीन 14 नवंबर को बिचौलिया मंशाराम से 200 बोरा (80 क्विंटल) अवैध धान जब्त कर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।



इसी तरह 15 नवंबर को श्री तीजूराम से 35 बोरा (14 क्विंटल), 16 नवंबर को श्री सुरेन्द्र कुमार जैन से 120 बोरा (48 क्विंटल), 19 नवंबर को श्री दीपक मण्डल से 125 बोरा (50 क्विंटल), 01 दिसम्बर को श्री लखनलाल दर्रो तथा श्री हारून कुमार यादव से क्रमशः 50 बोरा (20 क्विंटल) तथा 30 बोरा (12 क्विंटल) अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण करते पाए जाने पर आरोपियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड में धान के अवैध रूप से परिवहन एवं भण्डारण किए जाने के 10 प्रकरण में संबंधित लोगों के विरूद्ध कार्यवाही कर कुल 771 बोरा (329.40 क्विंटल) धान एवं मक्का को जब्त कर मंडी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 नवंबर को श्री भूपेन्द्र साहू से 32 बोरा (12.80 क्विंटल) धान जब्त किया गया। इसके अलावा 11 नवंबर को श्री कांशीराम से 33 बोरा (13.20 क्विंटल), 12 नवंबर को श्री जैनकुमार लोन्हारे से 196 बोरा (78.40 क्विंटल), श्री रिकेश सिन्हा से 21 बोरा (08.40 क्विंटल), 15 नवंबर को श्री जयसिंह नेताम से 31 बोरा (12.40 क्विंटल), 19 नवंबर को श्री कमल सिन्हा (मे. पीयूष ट्रेडर्स) से 60 बोरा (24 क्विंटल), 24 नवंबर को मो. इदरीश (मे. भारत पशु आहार) से 210 बोरा (105 क्विंटल) मक्का, श्री प्रदीप साहू (गगन ट्रेडर्स) से 102 बोरा (40.80 क्विंटल) धान, 25 नवंबर को श्री प्रवीण कुमार यादव से 31 बोरा (12.40 क्विंटल) तथा 01 दिसम्बर को श्री जितेन्द्र साहू (मे. हिरवानी ट्रेडर्स) से 55 बोरा (22 क्विंटल) धान का अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई।

### अवैध भण्डारण एवं परिवहन पर कार्रवाई रहेगी जारीः खाद्य अधिकारी

इसी तरह जिले के अन्य विकासखण्डों में भी मंडी निरीक्षण दल द्वारा लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार आगे भी धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध सतत कार्यवाही की जाएगी।

